# विश्व के प्रमुख मरुस्थलो (रेगिस्तानों) के नाम और उनके स्थान की सूची

**मरुस्थल या रेगिस्तान किसे कहते है?**

मरुस्थल या रेगिस्तान ऐसे भौगोलिक क्षेत्रों को कहा जाता है जहां जलपात (वर्षा तथा हिमपात का योग) अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा काफी कम होती है। प्राय: (गलती से) रेतीले रेगिस्तानी मैदानों को मरुस्थल कहा जाता है जोकि गलत है। यह बात और है कि भारत में सबसे कम वर्षा वाला क्षेत्र (थार) एक रेतीला मैदान है। मरूस्थल (कम वर्षा वाला क्षेत्र) का रेतीला होना आवश्यक नहीं। मरुस्थल का गर्म होना भी आवश्यक नहीं है। अंटार्कटिक, जोकि बर्फ से ढका प्रदेश है, विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल है। विश्व के अन्य देशों में कई ऐसे मरुस्थल हैं जो रेतीले नहीं है।

**मरुस्थल के प्रकार:**

मरुस्थलों को वर्षा, औसत तापमान, साल में बिना वर्षा (या हिमपात) के दिनों की संख्या इत्यादि के आधार पर बांटा जा सकता है। भारत का थार मरुस्थल एक ऊष्ण कटिबंधीय मरुस्थल है जिसके कारण ही यह रेतीला भी है।

**जलपात की दृष्टि से:**

वर्षा तथा हिमपात के कुल को जलपात कहते हैं। यदि किसी क्षेत्र का जलपात 200 मिलिमीटर से भी कम हो तो वह एक प्रकार का प्रदेश है। इसी प्रकार 250-500 मिलिमीटर तक के क्षेत्र को अलग वर्ग में रखा जा सकता है। इसी प्रकार अन्य क्षेत्र भी वर्गीकृत किए जा सकते हैं।

**तापमान की दृष्टि से:**

इन क्षेत्रों को तापमान की दृष्टि से भी वर्गीकृत किया जा सकता है।

- उष्ण कटिबंधीय मरुस्थल
- उपोष्ण कटिबेधीय मरुस्थल
- शीत कटिबंधीय मरुस्थल

**विश्व के प्रमुख मरुस्थलो की सूची:**

| **नाम** | **देश** | **क्षेत्रफल (किमी.)** |
|---|---|---|
| सहारा मरुस्थल | उत्तरी अफ्रीका | 90,65,000 |
| लिबयान मरुस्थल | उत्तरी अफ्रीका | 16,83,500 |
| आस्ट्रेलियन मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 15,54,000 |
| ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 3,38,000 |
| अटाकामा मरुस्थल | उत्तरी चिली | 1,80,000 |
| पैंटागोनियन मरुस्थल | अर्जेंटीना | 6,73,000 |
| सीरियन मरुस्थल | अरब | 3,23,800 |
| अरब रेगिस्तान मरुस्थल | अरब | 2,30,00,00 |
| गोबी मरुस्थल | मंगोलिया | 10,36,000 |
| रब आल खाली मरुस्थल | अरब | 6,47,500 |
| कालाहारी मरुस्थल | बोत्स्वाना | 5,18,000 |
| ग्रेट सैंडी मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 3,40,000 |
| ताकला माकन मरुस्थल | चीन | 3,27,000 |
| अरुनता मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 310800 |
| कराकुम मरुस्थल | दक्षिण-पश्चिमी तुर्किस्तान | 2,97,900 |
| नूबियन मरुस्थल | उत्तरी अफ्रीका | 2,59,000 |
| थार मरुस्थल | उत्तरी-पश्चिमी भारत | 2,59,000 |
| किजिलकुल मरुस्थल | मध्य तुर्किस्तान | 2,33,100 |
| तनामी मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 37,500 |
| नेगेव मरुस्थल | इजराइल | 12,170 |
| मोजावे मरुस्थल | अमेरिका | – |
| दि ग्रेट बेसिन मरुस्थल | अमेरिका | 4,09,000 |
| नामीब मरुस्थल | नामीबिया | 1,35,000 |
| डेथ वैली मरुस्थल | पूर्वी कैलिफ़ोर्निया | – |
| चिहोहुआ मरुस्थल | उत्तरी अमेरिका | 5,18,000 |
| सिम्पसन मरुस्थल | ऑस्ट्रेलिया | 170,000 |
| गिब्सन मरुस्थल | पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया | 156,000 |
| मंगोलिया मरुस्थल | एशिया व रुस के बीच | 10,00,000 |

| | | |
|---|---|---|
| नूबियन मरुभूमि | सूडान | – |
| मोजेव मरुस्थल | संयुक्त राज्य अमेरिका | – |
| कालाहारी रेगिस्तान | दक्षिणी-पश्चिमी अफ्रीका | 90,00,000 |
| अटाकामा मरुस्थल | चिली | 1,05,000 |
| रूब-अल-खाली मरुस्थल | सऊदी अरब | – |
| सोनोरान मरुस्थल | मैक्सिको | – |